# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा—1

Email-eerwddarbhanga1@gmail.com

पत्रांक— 2577 अनु0 लहेरियासराय, दिनांक— 10/12/2022

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, दरभंगा—1

सेवा में,

नोडल पदाधिकारी, M.I.S.
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः— MIS में Project Detail Module में पुलों का नाम जोड़ने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में कहना है कि नाबार्ड योजनांतर्गत दरभंगा जिला के क्षेत्राधीन हनुमाननगर प्रखंड के पंचायत रतनपुरा घाट एवं त्रिमुहान घाट के बीच बागमती नदी पर उच्च स्तरीय पुल को MIS में Project Detail Module में जोड़ने की कृपा की जाय, ताकि प्रमंडल स्तर से अद्यतन किया जा सके।

| क्र0 | योजना शीर्ष एवं वर्ष | योजना का नाम | लंबाई (मी0 में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दरभंगा जिला के हनुमाननगर प्रखंड अंतर्गत पंचायत रतनपुरा घाट एवं त्रिमुहान घाट के बीच बागमती नदी पर उच्च स्तरीय पुल (12X24.75M) | NABARD | 304.360 मी0 | |

अनु0—AA की छायाप्रति।

विश्वासभाजन
Singh 09/12/2022
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा—1

ज्ञापांक 2577 अनु0 दिनांक 10/12/2022

प्रतिलिपिः— नोडल पदाधिकारी (नाबार्ड), ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

Singh 09/12/2022
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,दरभंगा—1

E://Letter

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक–मु0 अ0–4(मु0)रा0यो0–03–163/2020 – 3448 /पटना, दिनांक 12/9/20..

प्रेषक,

संजय दूबे, भा0प्र0से0
अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)
बिहार, पटना।

आंतरिक वित्तीय सलाहकार द्वारा अनौपचारिक रूप से परामर्शित

विषयः– योजना शीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय–103–ग्राम विकास–राज्य योजना–0105–ग्राम विकास की परियोजनाएं (नाबार्ड ऋण संपोषित योजना)–उपशीर्ष के अन्तर्गत राज्य के दरभंगा जिलान्तर्गत कार्य प्रमंडल, दरभंगा–1 के क्षेत्राधीन हनुमाननगर प्रखंड के क्षेत्राधीन पंचायत रतनपुरा घाट एवं त्रिमुहान घाट के बीच बागमती नदी पर उच्च स्तरीय आर0सी0सी0 पुल निर्माण जिसकी लम्बाई 304.360 मी0 (12X24.75m.) निर्माण हेतु रू0 2456.456 लाख एवं अनुरक्षण की राशि रू0 41.724 लाख अर्थात कुल 2498.18 लाख रूपये (चौबीस करोड़ अन्ठानबे लाख अठारह हजार रूपये) की लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार योजना शीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय–103–ग्राम विकास–राज्य योजना– उप शीर्ष–0105–ग्राम विकास की परियोजनाएं (नाबार्ड ऋण संपोषित योजना)–उप शीर्ष के अन्तर्गत राज्य के दरभंगा जिलान्तर्गत कार्य प्रमंडल, दरभंगा–1 के क्षेत्राधीन हनुमाननगर प्रखंड के क्षेत्राधीन पंचायत रतनपुरा घाट एवं त्रिमुहान घाट के बीच बागमती नदी पर उच्च स्तरीय आर0सी0सी0 पुल निर्माण जिसकी लम्बाई 304.360 मी0(12X24.75m.) निर्माण हेतु रू0 2456.456 लाख एवं अनुरक्षण की राशि रू0 41.724 लाख अर्थात कुल 2498.18 लाख रूपये (चौबीस करोड़ अन्ठानबे लाख अठारह हजार रूपये) की लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया जाता है। इस योजना को दो वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में पूरा किये जाने का लक्ष्य है।

1. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–1 द्वारा इस योजना के कार्य सम्पादन हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे। कार्य निविदा के माध्यम से कराया जायेगा।
2. योजना के क्रियान्वयन से पूर्व इस पर सक्षम पदाधिकारी से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी।
3. इस योजना का व्यय योजना शीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय–103–ग्राम विकास–राज्य योजना–0105–ग्राम विकास की परियोजनाएं (नाबार्ड ऋण संपोषित योजना)–उपशीर्ष जिसका विपत्र कोड 37–4515001030105 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।
4. योजना शीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय–103–ग्राम विकास–राज्य योजना–0105–ग्राम विकास की परियोजनाए (नाबार्ड ऋण संपोषित योजना)–उपशीर्ष के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में 300.00 करोड़ रुपये का बजट उपबंध स्वीकृत है।
5. संबंधित कार्यपालक अभियंता, द्वारा योजनाओं का वित्तीय एवं भौतिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह के पाँच तारीख तक ऑनलाईन प्रविष्टि कराते हुए अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल दरभंगा एवं मुख्य अभियंता–3 के माध्यम से विभाग को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे।
6 कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–1 यह सुनिश्चित करेंगे कि यह योजना किसी अन्य योजना शीर्ष अन्तर्गत स्वीकृत नही है।
7. इस योजना का चयन मा0 मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, द्वारा संचिका संख्या– मु0 अ0–4(मु0)रा0यो0–03–163/2020 के पृ0 सं0– 02/टि० पर दिनांक– 31.08.2020 को किया गया है।
8. विभागीय स्थायी वित्त समिति द्वारा संचिका संख्या– मु0 अ0–4(मु0)रा0यो0–03–163/2020 के पृ0 सं0–12/प0 पर दिनांक– 31.08.2020 को इस योजना को स्वीकृति प्राप्त है।

9. इस योजना की स्वीकृति सक्षम प्राधिकार माननीय विभागीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग एवं माननीय वित्त मंत्री द्वारा संचिका सं0– मु0 अ0–4(मु0)रा0यो0–03–163/2020 के पृ0 सं0– 05/टि0 एवं 15 /टि0 पर प्राप्त है।

10. ब्राडा के निर्धारित प्रावधान/प्रक्रिया के आलोक में बजट प्रावधान के अंतर्गत राशि की निकासी की जाएगी।

11. कार्यपालक अभियंता (PIU) का उत्तरदायित्व होगा कि कार्यो का विशिष्टताओं/विशिष्टि के अनुरूप कार्यान्वित करा कर एकरारनामा एवं सुसंगत वितीय प्रावधानों के पालन उपरान्त पूर्णतः संतुष्ट होकर ही राशि की निकासी एवं व्ययन करेंगे।

12. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–3758 दिनांक–31.05.2017 में निहित निदेशों को अक्षरशः पालन किया जाएगा तथा बिहार वित नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में योजना में उपबंधित राशि की उपलब्धता के आधार पर व्यय की जाएगी।

13. यह आदेश आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त कर निर्गत किया जा रहा है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका सं0– मु0 अ0–4(मु0)रा0यो0–03–163/2020 के पृष्ठ संख्या– 19 /टि0 पर दिनांक–18-9-2020 को प्राप्त है।

14. यह राशि उसी मद में खर्च की जायेगी, जिसके लिए पुर्नविनियोजित की गयी है, अन्य मद में नहीं।

15. प्राक्कलन की विशिष्टताओं के अनुसार निर्धारित समयावधि के अंदर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाएगा।

16. योजना के कार्यान्वयन के कम में इनका निर्धारित निरीक्षण सरकार से निर्गत आदेशों में प्रावधानित सक्षम नियंत्री पदाधिकारियों द्वारा नियमित अंतराल पर अनिवार्य रूप से किया जाएगा एवं कार्यो को ससमय तथा गुणवत्तापूर्वक सम्पन्न कराना सुनिश्चित कराया जाएगा। योजना के कार्यान्वयन में अनियमितता की स्थिति में सभी निरीक्षी प्राधिकार भी उत्तरदायी माने जाएगें।

विश्वासभाजन

18/9/2020

(संजय दूबे)

अपर सचिव

ज्ञापांक– मु0 अ0–4(मु0)रा0यो0–03–163/2020 – 3448 /पटना, दिनांक– 18/9/2020

प्रतिलिपि– महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/9/2020

अपर सचिव

ज्ञापांक– मु0 अ0–4(मु0)रा0यो0–03–163/2020 – 3448 /पटना, दिनांक– 18/9/2020

प्रतिलिपि– कोषागार पदाधिकारी, निर्माण भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18/9/2020

अपर सचिव

ज्ञापांक– मु0 अ0–4(मु0)रा0यो0–03–163/2020 – 3448 /पटना, दिनांक– 18/9/2020

प्रतिलिपि– माननीय मंत्री के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा)/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग/मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग/कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, प्रमण्डलीय आयुक्त, दरभंगा/जिला पदाधिकारी, दरभंगा/उप विकास आयुक्त, दरभंगा/अभियंता प्रमुख सह–सचिव, BRRDA, ग्रा0 का0 वि0, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता–3, पटना, ग्रामीण कार्य विभाग/मु0 अ0–4 (मुख्यालय), ग्रा0 का0 वि0/अधीक्षण अभियंता, ग्रा0 का0 वि0, कार्य अंचल, दरभंगा/कार्यपालक अभियंता, ग्रा0 का0 वि0 कार्य प्रमंडल, दरभंगा–1/मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड, बिहार क्षेत्रीय कार्यालय, (मौर्या कम्पलेक्स, पाँचवी मंजिल) डाक बंगला रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। आई0टी0 नोडल, ग्रामीण कार्य विभाग को विभाग के वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित। एम0आई0एस0 नोडल, ग्रामीण कार्य विभाग को स्टेट एम0आई0एस0 में प्रविष्टि हेतु प्रेषित।

18/9/2020

अपर सचिव